हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 226 देहरादून, बुधवार, 01 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पुलिस रखे जानवरों के परिवहन पर नजर : सोनिका, जिलाधिकारी, दून 3

# G-20 समिट : मुख्य सचिव ने पंत नगर से रामनगर तक लिया पूरा जायजा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर/हल्द्वानी,1 मार्च , मुख्य सचिव एस एस सन्धू ने पन्तनगर एयरपोर्ट पहुँचकर 28 से 30 मार्च तक रामनगर में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु पन्तनगर एयरपोर्ट पहुॅचकर बैठक व व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मुख्य सचिव सन्धू ने पंतनगर एयरपोर्ट के कक्ष में जिला उधमसिंहनगर व नैनीताल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए G20 सम्मिट से संबंधित सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए यह गौरव का पल है कि राज्य में G20 समिट की तीन बैठकों का आयोजन होना है। रामनगर में होने वाली राउंड टेबल सम्मेलन में विदेशों से टॉप वैज्ञानिक शामिल होंगे तथा चीफ साइंस टेबल राउंड कॉन्फ्रेंस होंगी।

बैठक में मुख्य सचिव ने निदेशक एयरपोर्ट को एयरपोर्ट का सर्वे करते हुए कार्ययोजना तैयार कर एयरपोर्ट का सौंदर्यीकरण, भव्य व आर्कषक बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता अनुसार एयरपोर्ट में मरम्मत, रंग रोगन व प्रसाधन की बेहतर व्यव्यस्था करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से हेंगर, लॉन्ज व अन्य स्थलों पर सीसीटीवी स्थापित करने को भी कहा। मुख्य सचिव ने मण्डलायुक्त को सम्मेलन में आने वाले आंगनतुकों हेतु लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट सहित, डेलीगेट्स की एयरपोर्ट से रामनगर तक की यात्रा के दौरान एम्बुलेंस व रामनगर में डॉक्टर्स व विशेषज्ञों की टीम भी तैनात रखने के निर्देश दिए। साथ ही आसपास के चिकित्सालयों को भी हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये। इसके अलावा पुलिस प्रशासन को सटीक मूवमेंट , ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा।

**जी 20 समिट के दौरान विदेशी डेलीगेट्स को राज्य की संस्कृति की झलक दिखाई जायगी**

मुख्य सचिव ने निदेशक संस्कृति विभाग को राज्य की संस्कृति की झलक से विदेशी डेलीगेट्स को रूबरू कराने के निर्देश दिए। कहा रामनगर में आयोजित होने वाली जी 20 समिट के माध्यम से हम अपने उत्तराखंड राज्य की वादियों के साथ ही संस्कृति (नृत्य,गान, परिवेश) से डेलीगेट्स को रूबरू कराएंगे। इससे राज्य को अपनी एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इसके लिए निदेशक संस्कृति विभाग को कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**पंतनगर से रामनगर तक किया स्थलीय निरीक्षण**

श्री सन्धु ने पन्तनगर एयरपोर्ट से रूद्रपुर-दोराहा-बाजपुर गडप्पू-रामनगर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एनएच के अभियंताओं को सड़कों की व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही सड़कों पर साइनेज, आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक उपाय , सड़कों पर सही मार्किंग करने, डिवाइडर्स पेंट कराने, दूरी सूचक पत्थरों माइलस्टोनको सही कराने,आवश्यकता अनुसार मरमम्त व निर्माण कार्य कराने एवं रोड को चकाचक बनाने के निर्देश दिये।

**जी 20 समिट का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए**

मुख्य सचिव ने जी 20 समिट के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश सम्बन्धित जिलाधिकारी को दिए। कहा कि प्रत्येक20 किलोमीटर की दूरी पर होर्डिंग, बैनर व अन्य आउटडोर एक्टिविटी के माध्यम से समिट का व्यापक प्रचार किया जाए। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने रामनगर पहुँचकर सीआरवीआर, ताज, नमहा होटल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि विदेशी डेलीगेट्स के आवासीय व भोजन इत्यादि की समुचित व्यव्यस्था की जाएगी। इस अवसर पर अपर प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव आर के सुधांशु, डॉ बीवी आरसी पुरुषोत्तम, डॉ पंकज पांडेय, मण्डलायुक्त दीपक रावत, आई जी नीलेश आनंद भरणे, विनोद कुमार सुमन, पीसीसीएफ समीर सिंहा, सीसीएफ पी के पात्रो, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, युगल किशोर पन्त, एस एस पी पंकज भट्ट, मंजूनाथ टीसी, यूकाडा के अपर सचिव अनिल गर्ब्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## देहरादून समेत 7 जिलों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है, और पूरे उत्तराखंड में बरसात के आसार दिखाई दे रहे हैं।उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र ने चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी, देहरादून,, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग पिथौरागढ़ जिलों के लिए 2 मार्च तक येलो अलर्ट जारी किया है। पिथौरागढ़ जिले की बात करें तो पिथौरागढ़ जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है. और सुबह से ही वहां पर बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए बारिश और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मौसम पूर्वानुमान अनुसार उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं गढ़वाल मंडल के पहाड़ी जिलों कुमाऊं के पिथौरागढ़ और बागेश्वर में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावनाएं हैं। एक और दो मार्च को प्रदेश के पहाड़ी जिलों में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी तथा मैदानी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। बता दें कि मौसम में इस तरह के बदलाव इस बार ज्यादा ही देखने को मिल रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच में भी उत्तराखंड में नाम मात्र की बर्फबारी हुई जिससे पर्यटन कारोबारियों का चेहरा लटका हुआ है। वहीं मार्च और अप्रैल की गर्मी इस बार फरवरी में ही पड़ गई। ऐसे में मौसम का बदलता स्वरूप हानिकारक साबित हो सकता है।

## कौथिग फाउंडेशन : मुंबई से आये प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम धामी से भेंट



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर कौथिग फाउंडेशन, मुंबई से आये प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में प्रवासी उत्तराखंडवासियों की भी अहम भूमिका है। उन्होंने उत्तराखंड ञ्च 25 मिशन में प्रवासी उत्तराखंड वासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी एवं आदर्श राज्य बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बाहर हमारे प्रवासी राज्यवासी हमारे ब्राण्ड एंबेसडर भी है। देश में राज्य की बेहतर छवि बनाने में भी उन्होंने प्रवासियों से सहयोगी बनने को कहा है।

कौथिग फाउंडेशन के महासचिव केशर सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कौथिग फाउंडेशन मुंबई में प्रवासी उत्तराखंडवासियों का प्रमुख संगठन है। विगत 13 वर्षों से कौथिग फाउंडेशन द्वारा कौथिग का आयोजन किया जा रहा है। इस बार उत्तराखंड में सिनेमा थीम रखी गयी है। कौथिग फाउंडेशन द्वारा मुख्यमंत्री जी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया था, मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप अरसा भेंट किया। इस अवसर पर चारधाम हॉस्पिटल के ड़ॉ के.पी.जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, कांता प्रसाद, बलवंत सिंह पंवार आदि शामिल थे।

# दूर रहकर भी एक दूसरे का फील चाइनीज 'किस डिवाइस'

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मार्च , तकनीक इतना आगे पहुंच गई है कि लोग अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं. इसी कड़ी में एक और क्रांतिकारी खोज सामने आई है. इस नई तकनीक के माध्यम से आप दूर बैठे पार्टनर का फील ले सकेंगे. लंबी दूरी के पारनर्स के लिए रियल फील कराने वाला यह डिवाइस चीन में बनाया गया है. इस डिवाइस की चर्चा चीनी सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है. इतना ही नहीं इसकी कई तस्वीरें भी जमकर वायरल हो रही हैं.तकनीक इतना आगे पहुंच गई है कि लोग अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं. इसी कड़ी में एक और क्रांतिकारी खोज सामने आई है. इस नई तकनीक के माध्यम से आप दूर बैठे पार्टनर का फील ले सकेंगे. लंबी दूरी के पारनर्स के लिए रियल फील कराने वाला यह डिवाइस चीन में बनाया गया है. इस डिवाइस की चर्चा चीनी सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है. इतना ही नहीं इसकी कई तस्वीरें भी जमकर वायरल हो रही हैं.

**डिवाइस में मुंह का मॉड्यूल**

दरअसल, चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्वी चीन के जियांग्सु प्रांत के एक विश्वविद्यालय ने इस किसिंग डिवाइस का आविष्कार किया है. इस डिवाइस में एक मुंह के आकार का मॉड्यूल है. इसके साथ ही यह ब्लूटूथ और एक ऐप के जरिए फोन से लिंक किया जाता है. फोन को डिवाइस में प्लग करके इसका यूज किया जा सकता है. वायरल तस्वीरों में दिख भी रहा है कि कैसे लोग इसका यूज करते हुए नजर आ रहे हैं.

**गति और तापमान को भी फील**

असल में इस डिवाइस में सेंसर लगाया गया है ताकि किस करते समय होठों को रियल फील आने लगे. इतना ही नहीं यह डिवाइस होठों के दबाव, गति और तापमान को भी फील कर सकती है. इसीलिए इसे रिमोट किसिंग डिवाइस भी कहा जा रहा है. एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसको बनाने वाले साइंटिस्ट ने कहा कि वह अपनी



प्रेमिका के साथ लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में थे और केवल फोन से संपर्क कर सकते थे इसके बाद यह बनाने की विचार आया.

**दूर रहकर भी एक दूसरे का फील**

रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि यह डिवाइस चीन की ई-कॉमर्स पर मौजूद है और इसकी कीमत 288 युआन (करीब 3400 रुपए) रखी गई है. हालांकि इस डिवाइस को यूज करने के लिए यूजर्स को एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा. फिर वही काम पार्टनर को भी करना होगा और ऐसे में वे दूर रहकर भी

**एक दूसरे का फील ले सकते हैं.डिवाइस में मुंह का मॉड्यूल**



दरअसल, चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्वी चीन के जियांग्सु प्रांत के एक विश्वविद्यालय ने इस किसिंग डिवाइस का आविष्कार किया है. इस डिवाइस में एक मुंह के आकार का मॉड्यूल है. इसके साथ ही यह ब्लूटूथ और एक ऐप के जरिए फोन से लिंक किया जाता है. फोन को डिवाइस में प्लग करके इसका यूज किया जा सकता है. वायरल तस्वीरों में दिख भी रहा है कि कैसे लोग इसका यूज करते हुए नजर आ रहे हैं.

**गति और तापमान को भी फील**

असल में इस डिवाइस में सेंसर लगाया गया है ताकि किस करते समय होठों को रियल फील आने लगे. इतना ही नहीं यह डिवाइस होठों के दबाव, गति और तापमान को भी फील कर सकती है. इसीलिए इसे रिमोट किसिंग डिवाइस भी कहा जा रहा है. एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसको बनाने वाले साइंटिस्ट ने कहा कि वह अपनी प्रेमिका के साथ लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में थे और केवल फोन से संपर्क कर सकते थे इसके बाद यह बनाने की विचार आया.

**दूर रहकर भी एक दूसरे का फील**

रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि यह डिवाइस चीन की ई-कॉमर्स पर मौजूद है और इसकी कीमत 288 युआन (करीब 3400 रुपए) रखी गई है. हालांकि इस डिवाइस को यूज करने के लिए यूजर्स को एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा. फिर वही काम पार्टनर को भी करना होगा और ऐसे में वे दूर रहकर भी एक दूसरे का फील ले सकते हैं.

# इस कान से मोबाइल का इस्तेमाल है खतरनाक ?

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मार्च , मोबाइल हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं. फोन से कई तरह के रेडिएशन निकलते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं. ऐसे में फोन पर ज्यादा देर बात करना भी आपके लिए घातक हो सकता है. अब तक कई रिसर्च सामने आ चुकी है, जिसमें कहा गया है कि मोबाइल फोन से ज्यादा समय तक बात करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यह आपके दिमाग के लिए खतरनाक भी हो सकता है. ऐसे में आपके लिए फोन का इस्तेमाल किस कान से यह जानना भी आपके लिए बेहद जरूरी है.

ज्यादातर लोग फोन पर बात करते समय दाएं कान का इस्तेमाल करते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक दाईं तरफ का कान सीधे ब्रेन पर असर डालता है, जिससे आप छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान हो सकते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक जब हम फोन पर बात करने के लिए दाएं कान का इस्तेमाल करते हैं, तो इसके रेडिएशन ब्रेन पर ज्यादा असर डालते हैं. इसलिए फोन पर बात करते समय हमें बाएं कान का इस्तेमाल करना चाहिए.

हालांकि यह साबित करने के लिए कोई पर्याप्त सबूत नहीं है और न ही इस बात का कोई सबूत है कि फोन कॉल के लिए बाएं कान का यूज करना सुरक्षित है या दाएं कान का इस्तेमाल. 2002 में फिनलैंड साइंटिस्ट




एंड न्यूक्लियर सेफ्टी अथॉरिटी के अध्ययन में कहा गया था कि जब मानव कोशिकाएं फोन के संपर्क में आती हैं, तो मोबाइल ब्लड ब्रेन बैरियर को नुकसान पहुंचाता है.

**कौन से कान पर रखें फोन ?**

बता दें कि ब्लड ब्रेन बैरियर को मानव शरीर में सेफ्टी बैरियर के रूप में भी जाना जाता है जो रक्त में खतरनाक पदार्थों को दिमाग में प्रवेश करने से रोकता है.ह अध्ययन यह बताने में विफल रहा कि फोन पर बात करते समय किस कान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए. फिलहाल इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि कौन सा कान फोन कॉल पर उपयोग करने के लिए सुरक्षित है.

# WhatsApp के नए फीचर ने मचाया तहलका ! जानिए कैसे




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मार्च , व्हाट्सअप अपने कई फीचर्स पर काम कर रहा है. इस साल ऐप पर कई टूल्स आने वाले हैं. वॉट्सएप कथित तौर पर iOS पर एक स्टिकर मेकर टूल रिलीज कर रहा है, जो यूजर्स को इमेजिस को स्टिकर में बदलने की अनुमति देगा.

**यूजर के इमेज को बनाएगा Sticker,**

Wabetainfo की रिपोर्ट के मुताबिक, नया फीचर स्टिकर बनाने के लिए थर्ड पार्टी ऐप्स की आवश्यता को खत्म कर देगा. रिपोर्ट में कहा गया है, 'इससे निश्चित रूप से समय की बचत होगी और कस्टम स्टिकर बनाने और उपयोग करने की प्रक्रिया तेज हो जाएगी.'.... आइए आपको बताते हैं कैसे आप इस नयी सुविधा का फायदा ले सकते हैं -

**ऐसे कर सकेंगे इस्तेमाल**

इमेज से सब्जेक्ट एक्सट्रेक्ट करने के बाद यूजर्स को इमेज से कस्टम स्टिकर बनाने के लिए इसे चैट में पेस्ट करना होगा. यदि फीचर उपलब्ध है, तो प्लेटफॉर्म इमेज को तुरंत एक स्टिकर में बदल देगा जिसे यूजर के स्टिकर के कलेक्शन में जोड़ा जा सकता है. यह टूल पिछले कुछ दिनों में कुछ यूजर्स के लिए उपलब्ध था, हालांकि अब इसे iOS 16 पर सभी के लिए रिलीज किया जा रहा है. यूजर्स को अब अपने स्वयं के स्टिकर बनाने और उपयोग करने के लिए विभिन्न एप्लिकेशन या टूल के बीच स्विच करने की आवश्यकता नहीं है.

# पुलिस रखे जानवरों के परिवहन पर नजर : सोनिका, जिलाधिकारी, दून



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 1 मार्च , पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक अध्यक्ष उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग राजेन्द्र प्रसाद अन्थवाल की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग ने निराश्रित पशुओं हेतु नगर निगम एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में भूमि चयन करने तथा अवैध रूप से पशुओं के परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सदनों के लंबित भुगतान करवाने तथा जनपद में संचालित पशु डेयरी का नियमानुसार संचालन करवाने तथा नियमित निरीक्षण करवाने को कहा।

जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं हेतु स्थान चिन्हित करने की कार्यवाही की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं को रखने हेतु जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग न किए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी को संबंधित अधिकारियों के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम, नगर पालिका परिषदों द्वारा गौ सदनों के बीजक बजट न होने के कारण लंबित है के भुगतान के संबंध में निदेशक शहरी विकास बोर्ड को बजट हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए।

नगर निगम देहरादून अन्तर्गत वर्तमान में संचालित डेयरी की जानकारी मांगने पर नगर निगम देहरादून के अधिकारियों ने अवगत कराया है कि वर्तमान में 72 डेयरी संचालित है। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त डेयरियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही डेयरी संचालकों की कार्यशाला आयोजित करने व इस बैठक में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस को जानवरों के परिवहन पर नजर रखने हेतु संबंधित चैकी इंचार्ज को निर्देशित करने तथा पशुओं के परिवहन की सूचना पर जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। एसपीसीए के प्रतिनिधियों ने जनपद में पालतू श्वान एवं अन्य पालतू जानवरों के पंजीकरण कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पालतू पशुओं के पंजीकरण कराने तथा पंजीकृत ब्रीडर्स की नियमित निरीक्षण कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, सीओ नीरज सेमवाल, एसपीसीए से पूजा भौखण्डी, गौरी मौलखी, सदस्य मंयक रावत, मिली जगजोत कौर, शाखुम्बरी गौशाला से सविता नेगी, दून एनिमल वेल्फेयर से आशु अरोड़ा, पशु चिकित्सा अधिकारी सहसपुर डोईवाला, नगर निगम देहरादून एवं नगर निकाय के अधिकारी कार्मिकों सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

# चमोली पुलिस ड्रग्स के खिलाफ जनता को कर रही जागरूक




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली, 1 मार्च : देहरादून जनपद चमोली में पुलिसकर्मियों को तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव से बचाव तथा तम्बाकू उत्पादों से सम्बन्धित कानून कोटपा एक्ट की जानकारी देने हेतु पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रमेन्द्र डोभाल पुलिस अधीक्षक जनपद चमोली के आदेशानुसार जनपद चमोली में तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव तथा तम्बाकू उत्पादों से सम्बन्धित कानून के बारे जागरूक करने हेतु पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें जनपद चमोली के सभी थानों/चौकियों के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। उक्त जागरूकता कार्यशाला जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ चमोली एवं बालाजी सेवा संस्थान देहरादून की टीम द्वारा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद ( कोटपा) अधिनियम-2003 के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यालय की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन सुश्री नताशा सिंह द्वारा की गयी।

कार्यशाला में बालाजी सेवा संस्थान के



डिविजनल कॉर्डिनेटर डॉ अनुराग बिष्ट द्वारा तम्बाकू नियंत्रण एवं कोटपा एक्ट-2003 की पूर्ण जानकारी दी गयी। जिसमें धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों के बारे में एवं सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना निषेध होने, धारा 6(क) 8 वर्ष तक की आयु वर्ग के नाबालिगों के लिए तम्बाकू उत्पादन खरीदना व बेचना दंडनीय अपराध होने, धारा 6(ख) में किसी भी शैक्षिक संस्थान के 400 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों को बेचना / रखना एवं धूम्रपान करना पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है के बारे में तथा धारा 5 तम्बाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रचार-प्रसार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होने के बारे में जानकारी देते हुए अधिनियम की अन्य धाराओं के बारे में जानकारी देते हुए अधिनियम से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया गया ।डॉ अनुराग बिष्ट द्वारा उपस्थित सभी लोगों को तम्बाकू उत्पादन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें मुख्य रूप से तम्बाकू उत्पाद से शरीर में होने वाली बीमारियों जैसे- अनेक प्रकार के कैंसर, अल्सर, टी0बी0, लकवा, नपुंसकता, गर्भवतियों से मृत बच्चे का जन्म होना, अस्थमा, सामान्य रक्तचाप आदि गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही कोटपा एक्ट-2003 के अनुपालन में आने वाली कठिनाइयों एवं उनके उपाय के बारे में जानकारी दी गयी।इस अवसर पर सुश्री नताशा सिंह पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन द्वारा उपस्थित सभी लोगो को तम्बाकू सेवन से मानव शरीर एवं सम्बन्धित के परिवार में होने वाले प्रभावों, तम्बाकू छोड़ने के उपायों, तम्बाकू छोड़ने के फायदों, धूम्रपान/तम्बाकू के प्रकार, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद कानून (कोटपा, 2003) के बारे में जानकारी दी गयी । इस दौरान अजीत सिंह(बालाजी सेवा संस्थान), ललित मोहन किमोठी(स्वास्थ्य विभाग) व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## एम्स ऋषिकेश में नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में स्वास्थ्य चौपाल लगाई

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश की यूथ-20 कंसल्टेंसी ने अंतर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा से सटे विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य चौपाल लगाई गई। इसमें चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां दीं। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित इन स्वास्थ्य चौपाल कार्यक्रमों में एम्स के चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए। उन्हें विभिन्न संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया। नेपाल बॉर्डर से लगे चम्पावत, उधमसिंहनगर और पिथौरागढ़ जनपदों के लोहाघाट, बनबसा, टनकपुर, सुखीढंग, खटीमा आदि क्षेत्रों की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को मधुमेह, हाइपरटेंशन, एनीमिया, मलेरिया, और गलत खान पान व रहन सहन से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए। यह कार्यक्रम आगामी 4 और 5 मई को ऋषिकेश में आयोजित होना है। चौपाल कार्यक्रम में संयोजक डॉ. विनोद कुमार सिंह, सीएफएम विभाग के डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सार्थक गौड, डॉ. अनुपम, डॉ. बालाचंद्र, डॉ. रवेंद्र राठौर, डॉ. मोहित, डॉ. जितेंद्र गुज्जर आदि भाग ले रहे हैं।

## पुलिस के लिए पहली बन रहे आत्महत्या के मामले

ऋषिकेश। शहर में एक के बाद एक संदिग्ध खुदकुशी की वारदात सामने आ रही हैं। महीने भर पहले ही चंद्रेश्वरनगर के एक युवक ने जूतों के फीतों के सहारे फांसी का फंदा बनाकर संदिग्ध हालात में आत्महत्या कर ली। इसके बाद कोयलघाटी के नजदीक एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक और युवती का शव पुलिस को मिला। आईडीपीएल क्षेत्र में गोली लगने से एक शख्स की रविवार को संदिग्ध मौत का नया मामला सामने आया। पुलिस का दावा है कि यह वारदात भी आत्महत्या से जुड़ी है। हालांकि, पुलिस की पूरी जांच पोस्टमार्टम की रिपोर्ट पर टिकी है। एसपी कमलेश उपाध्याय के मुताबिक बिजनौर जिले के साधुपुरा निवासी 26 वर्षीय अनिल की तीन साल पहले ऋषिकेश की रहने वाली युवती से शादी हुई थी। दो साल से उसकी पत्नी अलग रह रही है। प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। सही वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, हैरानी की बात यह है कि मौत के बावजूद अनिल की ससुराल से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। मालूम हो कि इसी घटनास्थल के नजदीक करीब पांच साल पहले एक ज्वेलर्स को गोली मारी गई थी, लेकिन सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के चलते आज तक गोली चलाने वाले बदमाशों का पता नहीं लगा पाया। अनिल की मौत के मामले में भी पुलिस की जांच पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है।

## बूथ मजबूत तो संगठन मजबूत के मंत्र पर कार्य करें कार्यकर्ता

ऋषिकेश। भाजपा के सांगठनिक जिला ऋषिकेश की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथों को मजबूत करने और जन-जन तक भाजपा की नीतियों व कार्यों को पहुंचाने का आह्वान किया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में भाजपा के सांगठनिक जिला ऋषिकेश की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला हुई। इसमें मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत तो संगठन मजबूत के मंत्र को लेकर आगे बढना है। इसलिए सबसे पहले अपने बूथ को मजबूत बनाने का प्रयास करना है। अधिक से अधिक लोगों को बूथ से जोडना है। उन्होंने मंडलों, बूथों और शक्तिकेंद्रों में होने वाले आगामी कार्यक्रमों जैसे मन की बात, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा, तथा संगठन के अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं विस्तार पूर्वक चर्चा भी की। जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कर्मठ और जुझारू है तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए व संगठन की रीति नीति को ध्यान में रखते हुए निष्ठा से करता है। यही हमारी पार्टी की शक्ति है।

# उत्तराखंड : शादी में शराब परोसी तो लगेगा 51 हजार का जुर्माना




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड : उत्तरकाशी के धौंतरी गाजणा क्षेत्र में ग्राम पंचायत सिरी में शादी विवाह समारोह में शराब पर प्रतिबंध होने का निर्णय जारी किया गया है। इसको लेकर ग्राम प्रधान जीतम रावत की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक महिला मंगल दल, युवक मंगल दल और सभी वार्ड सदस्यों ने इस प्रस्ताव को पारित किया। निर्णय के अनुसार जो भी व्यक्ति व परिवार विवाह व अन्य समारोह में शराब पिलाता उस पर 51 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही उस परिवार के समारोह में गांव को कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं होगा। शराब पर प्रतिबंध का नियम ग्राम पंचायत सिर, राजस्व गांव ढुंग, कोनगढ़, वाल्या धौंतरी में होगा। ग्राम प्रधान जीतम रावत ने बताया कि इस निर्णय को लेकर ग्रामीणों तथा महिला मंगल में खुशी है। अगर किसी भी परिवार के शादी विवाह एवं चूडाकर्म संस्कार आदि समारोह में शराब पाई गई या उसकी शिकायत मिली तो उसके कार्यक्रम में कोई भी ग्राम वासी शामिल नहीं होंगे। संबंधित परिवार 51



हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। मगर सोचने वाली बात यह है कि आखिर यह निर्णय क्यों लिया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि शादी ब्याह के माहौल में लोग शराब पीकर हंगामा करते हैं और लड़ाई झगड़ा करते हैं जिससे माहौल खराब होता है। आगे उन्होंने कहा कि शराब पीना हानिकारक है, शराब के नशे से परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पूर्व में जिन शादी व समारोह में शराब परोसी गई वहां ग्रामीणों के आपस में लड़ाई झगड़े हुए हैं, जिससे ग्रामसभा में डर का माहौल बना है। इन्ही सब चीजों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# दूल्हे की जोरदार स्कीम - मुफ्त सजेगी बारात

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , राजस्थान के चुरू जिले में रहने वाले एक टैक्सी चालक और फूल वाले के छोटे से प्रयास सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। उनका कहना है कि जो भी दूल्हा अपनी शादी में दहेज नहीं लेगा , उसकी गाड़ी मुफ्त में फूलों से सजाई जाएगी और साथ ही उसे बिना रुपए लिए शहर में घुमाया जाएगा । निशुल्क सजावट और निशुल्क टैक्सी की सुविधा के बारे में सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा हो रही है ।

**टैक्सी और फूलवाले की दूल्हे के लिए जोरदार स्कीम**

दरअसल चूरू जिले के रहने वाले हैं दोनों दोस्तों ने यह स्कीम निकाली है। चुरू जिले में रहने वाले टैक्सी चालक विक्रम सोनी और उसके दोस्त नंदराम सैनी ने दहेज मुक्त शादियां करने की कोशिश में अपना एक छोटा सा प्रयास किया है । दोनों दोस्तों का कहना है कि दहेज के चक्कर में कई बेटियां मार दी जाती है। कई बेटियों को शादी के कुछ दिन बाद ही निकाल दिया जाता है । कई बेटियों का जीवन ससुराल में नर्क जैसा हो जाता है ।

दोनों दोस्त ने कहा कि अगर कोई भी दूल्हा बिना दहेज लिए शादी करेगा तो उसे फ्री में सुविधाएं दी जाएंगी । फूलों का काम करने वाले नंदराम सैनी ने बताया कि शादियों में गाड़ी की सजावट में 1100 रुपए से लेकर 11 हजार तक का खर्च होता है। अगर कोई दूल्हा जो बिना दहेज के शादी कर रहा हो वह कितनी भी महंगी सजावट चाहे उसकी गाड़ी में हम सजावट करेंगे ।लेकिन वह दहेज मुक्त शादी करने का प्रण करे।

**सोशल मीडिया पर स्कीम की हो रही तारीफ**

नंदराम के साथी विक्रम सोनी का कहना है शादी में गाड़ियों की जरूरत रहती है। दूल्हा जो बिना दहेज के शादी करेगा उसकी शादी में वह मुफ्त में कार चलाएंगे । बस कार में जो डीजल खर्च होगा वह दूल्हा पक्ष का होगा ।वे अपनी मजदूरी के रुपए नहीं लेंगे । दोनों दोस्तों की इस पहल को सोशल मीडिया पर सराहा जा रहा है । कई लोग उनके बारे में चर्चा कर रहे हैं और उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रयास छोटा ही सही शुरुआत की गई है।



# दिल्ली यूनिवर्सिटी से आये प्रोफ़ेसर धामी सरकार की शिक्षा नीति से हुए प्रभावित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दून यूनिवर्सिटी मे 'पॉलिटिकल ऑस्पेक्ट्स ऑफ़ ''फ्रीबीस'' इन दी कॉन्टेक्स्ट ऑफ़ दी यूनियन बजट 2023 - 24' विषय को लेकर अर्थशास्त्र विभाग की ओर से प्रोफ़ेसर और विद्यार्थियों के बीच एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे दिल्ली यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग से आये अस्सिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को इस विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि भारत की राजनीति मे एक राजनीतिक टूल की तरह इस्तेमाल होने वाले ''फ़्रीबीस'' की धरातल पर किस प्रकार महत्ता है या नही. इसके बाद छात्रों द्वारा इस विषय पर कुछ प्रश्न भी पूछे गए जिसका जवाब देकर प्रोफ़ेसर मनीष ने छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम का स्वागत भार दून



विश्वविधालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ममगई ने संभाला।न्यूज़ वॉयरस से बात करते हुए डॉ. मनीष ने कहा कि जिस प्रकार दून विश्वविधालय के छात्र-छात्राओं ने विषय से सम्बन्धित गंभीरता और समझदारी से कार्यक्रम में भाग लिया और प्रश्न पूछे उनको बहुत अच्छा लगा इस से ज़ाहिर होता है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रदेश शिक्षा नीति प्रभावित करने वाली है.



# पनीर से ज्यादा फायदेमंद है छेना, स्वाद में भी आगे



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मार्च : कई लोग छेना और पनीर को एक ही समझते हैं। कहने वाले कह सकते हैं कि उनमें शेप-साइज का ही तो अंतर होता है। लेकिन ऐसा नहीं है। शेप-साइज के अलावा भी पनीर और छेना में काफी अंतर है। दोनों सेम तरीके से बनाए जाते हैं। बावजूद इसके दोनों के फायदे अलग-अलग हैं। दोनों सेहत पर असर भी अलग-अलग तरीके से करते हैं। छेना को पनीर से ज्यादा फायदेमंद और पौष्टिक माना जाता है।पनीर और छेना में सबसे बड़ा अंतर यह है कि छेना ताजा होता है। जबकि पनीर कई दिन पुराना हो सकता है। दूध फटने के तुरंत बाद फ्रेश छेना मिल जाता है। लेकिन उससे पनीर बनाने के लिए कई प्रोसेस से गुजरना पड़ता है। जिसके चलते कई बार पनीर में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। घर पर भी पनीर बनाएं तो कम से कम 8 घंटे लग ही जाते हैं।

छेना से पनीर बनाने के लिए उसको पूरी तरह से ड्राई किया जाता है। यानी छेना के पानी को अलग कर लिया जाता है। लेकिन इससे छेना के पौष्टिक तत्व भी बाहर हो जाते हैं। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और लैक्टिक एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। लेकिन पनीर बनाने के दौरान छेना से पानी के साथ प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट, कैल्शियम और लैक्टिक एसिड जैसे पोषक तत्व भी बाहर हो जाते हैं।

# चार धाम में यूट्यूबर्स की रील्स को सरकार की 'NO'



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 1 मार्च , बदरी केदार मंदिर समिति चारधाम यात्रा के लिए सख्त गाइडलाइन जारी की गई है.जिसमें सबसे ज्यादा चर्चाओं में हैं युट्यूबर्स की इंट्री पर रोक। अप्रैल में चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है. पिछले साल की चारधाम यात्रा के दौरान कई विवाद सामने आए थे. बता दें बीत साल बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में मोबाइल और कैमरे से रील बनाने के वीडियो से विवाद पैदा हुआ था. यहीं नहीं कुछ यू ट्यूबर की वीडियो से यात्रा मार्ग पर हो रही बतमीजी भी सामने आई थी.

इस फैसले से कई यू ट्यूबर को निराशा हो सकती है. सामिति का कहना है कि इस फैसले स मंदिरों की पवित्रता और मर्यादा बरकरार रहेगी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार केदार मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने देश के बड़े धार्मिक स्थलों वैष्णो देवी मंदिर तिरुपति बालाजी, सोमनाथ मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर सहित कई मंदिरों का हाल में ही दौरा किया था.

**मंदिर समिति ने देश के बड़े मंदिरों का किया दौरा**

मंदिर समिति ने प्रसिद्ध मंदिरों से दौरा करने के बाद बदरी केदार मंदिर समिति की टीम ने यह निर्णल लिया है कि चारों धामों में पूरी तरह से मोबाइल और कैमरा बैन किया जाएगा. दरअसल यूट्यूब और रील्स के बढ़ते चलन के बाद पिछली चारधाम यात्रा के दौरान कई ब्लॉगर और यूट्यूबर केदारनाथ मंदिर परिसर से तरह तरह के वीडियो और रील्स बनाकर वायरल किए थे. जिसके बाद विरोध पैदा हुआ था. इसलिए मंदिर समिति चारों धामों में मोबाइल और कैमरे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने का फैसले पर विचार कर रही है.





# शहर की समस्याओं को लेकर सासंद को सौंपा ज्ञापन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


पौड़ी। गढ़वाल सेवानिवृत्त कर्मचारी समिति पौड़ी ने पूर्व सीएम एवं गढ़वाल सासंद को ज्ञापन देकर शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग उठाई है। वहीं सांसद ने समिति को समस्याओं के हल का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा, सचिव सुरेशचंद्र बड़थ्वाल ने सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन देते हुए कहा कि जल संस्थान द्वारा हर साल पालिका के भवन कर का 15 फीसदी हर वर्ष वसूलता है। जबकि अन्य क्षेत्रों में यह व्यवस्था नहीं है। कहा कि जल संस्थान पेयजल उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर रहा है। जिसको रोका जाना अतिआवश्यक है। उन्होंने सांसद से रांसी स्टेडियम के पास तीन करोड़ की अधिक लागत से बने पर्यटक आवास गृह को पर्यटकों के लिए खोलने, शहर में पेयजल उपभोक्ताओं को कम से कम 2 घंटे हर दिन पेयजल आपूर्ति देने, कृषि भवन के नीचे 7 से 8 सौ मीटर हल्का मोटरवाहन मार्ग बनाने, शहर की सडक़ो को गडढा मुक्त बनाने की मांग रखी।

वहीं, सासंद ने भी समिति के पदाधिकारियों को जल्द ही समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया। वहीं, पाबौ में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल पाबौ ने सांसद तीरथ सिंह रावत का भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान तीरथ सिंह रावत ने पाबौ मण्डल क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पार्टी के सभी लोगों का आभार प्रकट किया। मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भंडारी, महामंत्री हरेंद्र कोहली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रहलाद सिंह, घनश्याम नेगी, संजय नौटियाल, डा. नरेंद्र सिंह रावत, भरत सिंह, रमेश भंडारी, दिनेश रावत, अंजलि देवी, बबली देवी, त्रिलोक सिंह, गंगा सिंह, रमेश भंडारी, लीला सिंह, राजकिशोर, प्रदीप सिंह आदि शामिल थे।

# यमुनोत्री धाम की यात्रा को तैयारियां तेज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। थाना बडकोट में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने यात्रा से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर सुझाव मांगे। साथ ही पुलिस यात्रा व्यवस्था में बाधक बनने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिया। यमुनोत्री धाम के लिए 10 मार्च से घोड़ा खच्चर डण्डी कण्डी मजदूरों का पंजीकरण आरम्भ करने की तिथि भी घोषित हो गयी है।



चारधाम यात्रा नजदीक है। इस बार यात्रा शुरू होने से चार महीने पहले जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला और पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने लगातार बैठकों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया है। यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव बडकोट थाने में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने होटल एसोशियेशन, ट्रैक्सी मैक्सी कैब एशोसिएशन, व्यापार मण्डल सदस्यों सहित जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए सुझाव मांगे। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सोबन सिंह राणा ने कहा कि यमुनोत्री धाम आने वाले देश विदेश के आम श्रद्धालुओं के वाहनों को जगह जगह चेकिंग के नाम पर रोका जाता है जो उनके गन्तव्य तक पहुंचने के लिए बाधक हो जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जनपद में यात्रियों को अनावश्यक न रोका जाय। रानाचट्टी निवासी भजन सिंह, महावीर सिंह माही ने कहा कि स्यानाचट्टी से उपर जानकीचट्टी खरसाली तक अवैध शराब की तस्करी हो रही है तथा रानाचट्टी में मांस की दुकान की अनुमती मिलने पर आम लोगों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने कहा कि यमुनोत्री धाम के क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब एवं मास व अंडे की बिक्री पर रोक लगे। बैठक में यमुनोत्री मोटर रोड में सुधार, टैक्सी चालकों द्वारा ओवर किराया न लिये जाने तथा यात्रा के दौरान गांव के लिंक मार्गो पर वाहनों की सुविधा रखने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इधर पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा कि यमुनोत्री धाम आने वाले यात्रियों को सुगमता से यात्रा कराना पुलिस की प्राथमिकता है। यमुनोत्री क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी पर कड़ाई से पाबन्दी लगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस की स्पेशल टीम गठीत कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बार घोड़े खच्चरों का स्टेशन फूल चट्टी बनाया जा रहा है और एक दिन में 12 सौ घोड़ों को यमुनोत्री जाने की अनुमति दी जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी , पुलिस क्षेत्रीय अधिकारी सुरेंद्र भण्डारी, एसएचओ गजेंद्र बहुगुणा, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सोवन सिंह राणा, रवांई दून घाटी टैक्सी अध्यक्ष नरेश चन्द्र रमोला, अजय सिंह चौहान, धनवीर सिंह रावत, अनिल चौहान, महावीर सिंह माही, भजन सिंह चौहान, शत्रुधन सिंह राणा आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टरों को आवासीय सुविधा हेतु 4 करोड़ 31 लाख 28 हजार की धनराशि स्वीकृत

श्रीनगर गढ़वाल। उप जिला संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टरों के लिए आवास की सुविधा के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। लम्बे समय से संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉक्टरों के लिए आवसीय सुविधा दिए जाने की मांग की जा रही थी। जिस पर श्रीनगर विधायक एवं प्रदेश के चिकित्सा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डॉक्टरों के लिए आवासीय भवन के लिए 4 करोड़ 31 लाख 28 हजार रूपए की धनराशि स्वीकृत कराई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के हवाले से यह जानकारी दी कि प्रथम किस्त के रूप में 1 करोड़ 72 लाख 51 हजार रूपए जारी भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि उप जिला संयुक्त चिकित्सालय में दूरदराज से मरीज आते हैं तथा कुछ मरीज इमरजेंसी सेवा लेने भी पहुंच जाते हैं। जिस कारण से अस्पताल के पास ही डॉक्टरों के आवास होने भी अति आवश्यक है। आवासीय भवन के लिए बजट स्वीकृत कराने पर डॉक्टरों के साथ भाजपा महामंत्री गिरीश पैन्यूली, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जिला उपाध्यक्ष लखपत भण्डारी, जितेंद्र रावत, पूर्व दायित्वधारी राज्यमंत्री अतर सिंह असवाल, राकेश ध्यानी, अनिता बुड़ाकोटी, गणेश भट्ट, डा. सुधीर जोशी, मीना गैरोला, दिनेश असवाल, वासुदेव कंडारी, उषा कंडारी, हिमांशु अग्रवाल, शशि जुयाल, अजब सिंह रावत, जगमोहन सिंह नेगी, पंकज सती, संजय गुप्ता ,हरि सिंह बिष्ट, अनुग्रह मिश्र आदि ने कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है।

### उद्यमिता कार्यशाला में शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यशाला में दूसरे दिन शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें सरन्या जोशी, अंजलि पाटिल ने प्रथम, रेनू चंदोला, कंचन रौथाण ने द्वितीय श्रेया अग्रवाल और नेहा भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला में आईआईटी रूडक़ी से पहुंचे प्रो. विनय शर्मा ने उद्यमी सेटअप में भी अपनी मान्यताओं और संस्कारों पर डटे रहने पर जोर दिया। के एंड एस लॉ फर्म गुडगाँव के डा. शचीन्द्र कुमार पांडेय ने रिसर्च में पेटेंट की महत्ता पर प्रकाश डाला। क्रिमसन हेल्थ केयर दिल्ली के नीरज कुमार ने अपने सफल स्टार्टअप और आविष्कार ऑस्टोमी बैग का विस्तृत वर्णन दिया। इस मौके पर बीसीआईएल दिल्ली की निदेशक डा. पूर्णिमा शर्मा ने नए उद्यमियों के लिए फंडिंग के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। फेमेंटेक लैब रुडक़ी के सीईओ डा. सिद्धार्थ अरोड़ा ने अपने सफल उत्पादों के बारे में बताया इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. गोपाल कृष्ण जोशी, डा. पूजा सकलानी, डा. अनीता सिंह, डा. कृष्ण सिंह रावत, डा. ममता आर्य, डा. सौरभ यादव, डा. सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### नाले के रूप में बह रही अलकनंदा

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में जीवीके परियोजना के बांध क्षेत्र से लेकर पॉवर हाउस तक करीब पांच किलोमीटर दायरे में अलकनंदा नदी अवशेष मात्र रह गई है। यहां पर अलकनंदा नाले के रूप में बह रही है। जिससे गंगा प्रेमियों में भारी निराशा है। मानकों के हिसाब से बांध से पानी न छोड़े जाने के कारण अलकनंदा नदी का अधिकांश दायरा सूखाग्रस्त हो गया है। जिसका फायदा खनन कारोबारियों को मिल रहा है। श्रीनगर बांध से लेकर पॉवर हाउस तक करीब पांच किमी का क्षेत्र है। पॉवर हाउस से भी परियोजना कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे पॉवर हाउस से देवप्रयाग तक भी अलकनंदा नदी की यही स्थिति रहती है। इससे श्रीनगर से देवप्रयाग तक की पंपिंग योजनाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। जिसके कारण पानी की आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। अन्ना टीम के सदस्य व किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष भोपाल सिंह चौधरी का कहना है कि श्रीनगर में अलकनंदा नदी में बांध से मानकों के हिसाब से पानी नहीं छोड़ा जा रहा है।

# श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में लगा भव्य किसान मेला, मंत्री चन्दनराम दस ने किया उद्घाटन

## विश्वविद्यालय ने किसानों और लघु उद्यमियों के लिए 50 से अधिक निःशुल्क स्टाल उपलब्ध करवाए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 मार्च , श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में स्थानीय किसानों एवम् लघु उद्यमियां के लिए किसान मेला-2023 का आयोजन किया गया। लघु एवम् सूक्ष्म उद्योग, खादी एवम् ग्रामोद्योग, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र-कल्याण मंत्री चन्दन राम दास ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के निर्माण के उद्देश्य में एक महत्वपूर्ण उद्देश्य स्थानीय किसानों को प्रोत्साहन देना भी रहा है। उत्तराखण्ड की पहाड़ी कृषि, पशुपालन व जड़ी बुटी उद्योग को बढ़ावा मिले इसके लिए सरकार हमेशा प्रयत्नशील रही है। इसी का परिणाम है कि ग्रामीण किसानों को आधुनिक कृषि की जानकारी व उसका सीधा लाभ मिल रहा है। कृषक व लघु उद्यमी किसानी के आधुनिक मॉडल से जुडें। खादी की उपयोगिता व महत्व को आत्मसात करना होगा। आज खादी एक वस्त्र नहीं विचार है। खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से सरकार राज्य में रोजगार कि अवसर भी दे रही है। यह बात लघु एवम् सूक्ष्म उद्योग, खादी एवम् ग्रामोद्योग, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र-कल्याण मंत्री चन्दन राम दास ने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में किसान मेला-2023 के उद्घाटन अवसर पर कही।

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के पथरी बाग कैंपस में कैबिनेट मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार चन्दन राम दास ने एक दिवसीय किसान मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कृषि विभाग को किसान मेला-2023 के आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के किसान मेले किसानों को आधुनिक






मांग व बाजार की कार्यप्रणाली से सीधा जोड़ते हैं, लघु उद्यमियों को मंच प्रदान करते हैं जहां पर वे अपने उत्पादों की जानकारी सीधा बाजार व उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा खेती के नुकसान पर चिंता जाहिर की। कहा कि पहाड़ में ऐसी फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें जंगली जानवर, बंदर व सूअर इत्यादि नष्ट न कर पाएं।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) उदय सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से मेले में किसानो एवम उद्यमियों को 50 से अधिक स्टाल्स निःशुल्क उपलब्ध करवाए गए। किसान मेले में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक किसानी की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसजीआरआर विश्वविद्यालय में हर साल किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।

कृषि संगोष्ठी में किसानों को आधुनिक कृषि की बारीकियों से रूबरू करवाया गया। किसान मेले में पहाड़ी व्यंजन जैसे मंडुए की रोटी, पहाड़ी राजमा, झंगोरे की खीर जैसे उत्पाद लोगों ने भरपूर पसंद किए। पशु चिकत्सकों ने किसानों को पशुओं की देखरेख व बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने किसानों व लघु उद्योग शुरू किए जाने के बारे में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाया। किसान मेले में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार खण्डूडी, समन्वयक डॉ आर.पी. सिंह, कृषि विभाग की डीन डॉ प्रियंका बनकोटी, किसान मेला के कार्यक्रम समन्वयक डॉ दीपक सोम, विजय नौटियाल, विजय गुलाटी, मनोज तिवारी सहित सभी विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, फेकल्टी सदस्य, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में किसान, लघु उद्यमी व दूनवासियों ने प्रतिभाग किया।



# रविंद्र आनंद के साथ अभद्रता मामले में एसएसपी से मिला डेलिगेशन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 मार्च , आम आदमी पार्टी के नेताओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर गत दिवस महिला पुलिसकर्मी द्वारा रविंद्र आनंद के साथ अभद्रता के मामले में कार्रवाई की मांग की । इस मौके पर पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ,पार्टी सह समन्वयक डी के पाल, प्रवक्ता राजू मौर्य ,एवं विपिन खन्ना मौजूद रहे । इस दौरान रविंद्र आनंद द्वारा लिखित तौर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया जिसमें उन्होंने उनके साथ हुई अभद्रता के मामले में संबंधित महिला पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जांच को एसपी ग्रामीण को सौंपते हुए जांच करने के आदेश जारी किए एवं

### ■ आंदोलनकारियों के साथ पुलिस का रवैया शर्मनाक व द्वेषपूर्ण : रविंद्र सिंह आनंद

मौखिक तौर पर भी आप नेताओं को आश्वस्त किया कि संबंधित महिला पुलिसकर्मी के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी इस पर आप नेताओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्ष क्का धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस मौके पर रविंद्र आनंद ने कहा कि पुलिस का रवैया आंदोलनकारियों के साथ शर्मनाक भी नहीं अपितु द्वेष पूर्ण रहा है चाहे वह मामला रुद्रप्रयाग में महिलाओं पर लाठीचार्ज का हो और चाहे प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठियां बरसाने का ।उन्होंने कहा कि संविधान एवं हमारे देश के नेताओं ने हमें विरोध दर्ज करने के जो रास्ते बताए हैं उन्हीं पर चलकर आम आदमी पार्टी काम कर रही है लेकिन पुलिस सरकार के इशारे पर आंदोलन को कुचलना चाहती है इस मौके पर पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया । प्रदेश सह समन्वयक डीके पाल ने कहा कि देहरादून से दिल्ली तक सरकार के इशारे पर पुलिस आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ी है उन्होंने कहा दिल्ली के प्रदेश कार्यालय को सरकार के इशारे पर छावनी में तब्दील कर दिया गया है जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है । आप प्रवक्ता राजू मोरिया इस घटना को बदले की भावना से किया कार्य बताया वही विपिन खन्ना ने कहा की पुलिस सरकार के इशारे पर काम कर रही है जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है ।

# 7 साल से गुमशुदा चल रहे बच्चे को देहरादून पुलिस ने ख़ोज़ निकला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 मार्च : पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के आदेशानुसार जनपद में विगत लंबे समय से गुमशुदा चल रहे बच्चों को ढूंढने हेतु 01 माह के अभियान के आदेश जारी किए गए थे जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक अपराध तथा पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशानुसार थाने में पुलिस टीम बनाये जाने के आदेश निर्देश प्राप्त हुए थे .जिस संबंध में क्षेत्राधिकारी नेहरू कॉलोनी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष क्लेमेनटाउन द्वारा उप निरीक्षक अमरीश रावत के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई जिनके द्वारा थाना क्लेमेनटाउन में विगत वर्षों से गुमशुदा चल रहे बच्चों के सम्बंध में परिजनों से मिलकर जानकारी एकत्र कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था इस संबंध में जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया तो वर्ष 2016 से गुमशुदा बालक राजा (काल्पनिक नाम) निवासी बेल रोड क्लेमेनटाउन जिसके सम्बन्ध में थाना क्लेमेनटाउन में थाना हाज़ा पर मु0अ0सं0-56/16 धारा 365 भादवि पंजीकृत है के सम्बंध में जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त गुमशुदा बालक लंबे समय से बाल गृह लखनऊ में है बाल गृह अधीक्षक लखनऊ से संपर्क कर उक्त बालक की फ़ोटो तथा जानकारी उपलब्ध करा कर



सुनिश्चित किया गया कि गुमशुदा बालक देव पंत ही है तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बाल गृह लखनऊ में गुमशुदा बालक को उसके पिता से मिलाया गया गुमशुदा बालक बोलने तथा सुनने में असमर्थ है । 7 वर्ष बाद अपने पिता से मिलकर बालक भाव विभोर हुआ तथा सभी के द्वारा पुलिस के कार्य की सराहना की गयी है । बालक को मा0 न्यायालय बाल कल्याण समिति लखनऊ के समक्ष पेश कर गृह जनपद वापस लाया गया ।

# कुलसचिव समेत 11 कार्मिकों को दी गई बधाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर। पंतनगर विश्वविद्यालय में कुलसचिव समेत 11 कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्षों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में विवि के कुलसचिव व विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनिल कुमार शुक्ला, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण वीरेन्द्र सिंह पंवार, कुलसचिव कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कौशल कुमार, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी आरपी जोशी, कृषि महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी समानंद, सुरक्षा विभाग में सुरक्षा जमादार प्रताप सिंह, मत्स्य महाविद्यालय में फिशरमैन देवनारायण, सामान्य खण्ड में कारपेंटर जयकरन शर्मा, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में पत्रवाहक बालदेव यादव और प्रौद्योगिक महाविद्यालय में स्वच्छक छोटे लाल रहे। इस दौरान सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान न शुभकामनाएं दीं।

## जिले में महान वैज्ञानिक सीवी रमन को किया याद

बागेश्वर। जिले में विज्ञान दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महान वैज्ञानिक सीवी रमन को भावपूर्वक याद किया गया। उनके द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए गए कार्य को याद किया गया। राइंका वज्यूला में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रमन स्कैनर से विस्फोटक, हीरोइन, अफीम, मिलावट, वस्तुओं की संरचना, रत्नों की गुणवत्ता जैसे कई चीजें पता लगाई जा सकती हैं। जिनके पीछे रमन प्रभाव का सिद्धांत ही कार्य करता है। प्रतियोगिता में विजय कबडोला प्रथम, मोहित सती द्वितीय रहे। मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक आलोक पांडेय ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य दीपक आर्या, राजेश्वरी कार्की, आरके मिश्रा, शिवबरन राजपूत, हिमानी जोशी, चंद्रावती आदि मौजूद रहे। विज्ञान मॉडल में भूकंपमापी प्रथम रहा। इधर राइंका भटखोला में सीवी रमन की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य डीएन टम्टा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मॉडल प्रतियोगिता में प्रियांशी, कविता में सुनीता व भाषाण में सुमित अव्वल रहे। कार्यक्रम का संचालन रेखा बृजवाल ने किया।


## अपराध और नशा मुक्त बनेगा अल्मोड़ा : एसएसपी

अल्मोड़ा। आईपीएस रचिता जुयाल ने बतौर अल्मोड़ा एसएसपी पदभार ग्रहण कर लिया है। इसी को लेकर उन्होंने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त और नशा मुक्त अल्मोड़ा बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाया जाएगा। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर थाना-चौकी में हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। उन्होंने पुलिस कार्यालय के समस्त कार्यालयों और शाखाओं का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। साथ ही कार्मिकों से तमाम जानकारियां भी लीं। उन्होंने पुलिस कार्मिकों को निर्देश दिए कि कार्यालय आने वाले लोगों के साथ सौम्य व्यवहार कर उनकी हर संभव मदद करें। उन्होंने कार्यालयों का अपग्रेडेशन कर स्मार्ट ऑफिस बनाने के लिए सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिए। रचिता 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। पूर्व में वह एसपी अर्बन हरिद्वार, एसपी क्राइम, ट्रैफिक और सिटी नैनीताल, बागेश्वर एसपी और उसके बाद राज्यपाल के एडीसी के पद पर तैनात रहीं।

### पशु मित्रों ने की नियुक्ति देने की मांग

चम्पावत। आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्रों ने नियुक्ति देने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम कार्यालय के जरिए डीएम को ज्ञापन भेजा है। पशु मित्र संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार आर्या के नेतृत्व में पशु मित्रों ने ज्ञापन दिया। उनका कहना है कि आरसेटी ने जिले के 30 युवाओं को एक साल पहले 60 दिनी प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में पशुओं का प्राथमिक उपचार, कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण से संबंधित दी गई थी। तब प्रशिक्षणार्थियों को दूरस्थ क्षेत्रों में मानदेय पर रखने का आश्वासन दिया था।

## संपादकीय



## कांग्रेस महाधिवेशन में स्पष्टता का अभाव

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित हुआ कांग्रेस का महाधिवेशन निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण आयोजन था. एक तो यह कई वर्ष बाद हो रहा था तथा बहुत समय के बाद कांग्रेस का अध्यक्ष गांधी-नेहरू परिवार से बाहर का व्यक्ति है, तो स्वाभाविक रूप से सबकी निगाहें इस अधिवेशन पर थीं. ऐसी अपेक्षा थी कि 2024 के आम चुनाव के संबंध में कांग्रेस कोई ठोस रणनीति भी इस अधिवेशन में तैयार करेगी. लेकिन इस तरह की अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं. एक तो कांग्रेस पार्टी के भीतर लोकतंत्र का मामला था. मल्लिकार्जुन खरगे के अध्यक्ष चुने जाने के बाद कार्यसमिति के चुनाव की आशा की जा रही थी. चुनाव कराने के बजाय उन्होंने इसके सदस्यों की संख्या बढ़ा दी. इससे हमें पार्टी की सांगठनिक समस्याओं का समाधान होता नहीं दिख रहा है. पार्टी में बहुत से लोगों की महत्वाकांक्षा है, असंतुष्ट धड़े जी-23 के लोग हैं, कई युवा नेता हैं, उनके लिए यह निर्णय सही नहीं कहा जा सकता है. कांग्रेस का इतिहास रहा है कि ऊपरी कमेटियों में महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों आदि वर्गों का प्रतिनिधित्व रहता है. उसे कैसे सुनिश्चित किया जायेगा, यह देखा जाना है. अगर ऐसा नहीं होगा, तो उसका गलत संदेश लोगों के बीच जायेगा. कांग्रेस कार्यसमिति का काम होता है राजनीतिक रणनीति बनाना. इसकी बैठकें ऐसे माहौल में होनी चाहिए, जहां कोई ठोस निर्णय हो सके. कांग्रेस का इतिहास हमें बताता है कि कार्यसमिति में जितने अधिक लोग होते हैं, निर्णय लेने की प्रक्रिया उतनी ही बाधित होती है. अभी 36 लोग इस समिति में हैं. हो सकता है कि खरगे इसमें मनोनीत और आमंत्रित सदस्यों को जोड़ें और यह संख्या 50 तक पहुंच जाये. ऐसी स्थिति में एक खतरा रहता है कि लोग साफगोई से अपनी बात नहीं रख पाते हैं. आखिर में तय यह होता है कि फैसला आलाकमान लेगा. आलाकमान की इस संस्कृति से कांग्रेस को बहुत नुकसान हुआ है और अभी भी हो रहा है. रायपुर अधिवेशन को लेकर दूसरी महत्वपूर्ण उत्सुकता यह थी कि पार्टी भविष्य में सरकार बनाने की दिशा में क्या पहल करती है. अभी जो देश की राजनीतिक स्थिति है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस अपने बूते पर तो सरकार नहीं बना सकती है.

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे चालक अस्पताल ले गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीते सोमवार रात करीब पौने ग्यारह बजे पिंडारी मोटर मार्ग पर चंदन पुत्र शंकर राम निवासी दौलाघट, थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक ने वाहन को किनारे खड़ा किया और उसे जिला अस्पताल ले गया। रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आसपास की सूचना के बाद कोतवाल कैलाश नेगी मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया। इसके बाद वह घटनास्थल पहुंचे। चालक से पूछताछ के बाद पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू दी है। अभी तक किसी ने इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि एक महीने पहले मृतक के पिता का शव भी भराड़ी टैक्सी स्टैंड में मिला था।

## स्वरोजगार के लिए आगे आएं युवा

बागेश्वर। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी हीरा बल्लभ भट्ट ने कहा कि पहाड़ के युवाओं को स्वरोजगार को आगे आना होगा। वह स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे उद्यम लगा सकते हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से उन्हें प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इस दौरान गरीब लोगों को होली के गणवेश वितरित किए गए। पर्वतीय जन जागरण समिति कठायतबाड़ा के तत्वावधान में आयोजित शिविर की अध्यक्षता दुष्यंत भट्ट ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं के हुनर को तराश रही है। वह प्रशिक्षित होकर स्वरोजगार की तरफ बढ़ सकते हैं। गांवों में छोटे-छोटे उद्यम लगाकर वह आत्म निर्भर होंगे। साथ ही गांवों से पलायन भी रुकेगा।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून ( उत्तराखंड), भारत

## संक्षिप्त खबरें

### रामराज एकेडमी जिला क्रिकेट लीग सेमीफाइनल में पहुंची

देहरादून। जिला क्रिकेट संघ देहरादून की ओर से आयोजित जिला क्रिकेट लीग में रामराज क्रिकेट एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जीएसआर क्रिकेट ग्राउंड में मंगलवार को रामराज क्रिकेट एकेडमी और दीप बोठियाल क्रिकेट एकेडमी के बीच क्वार्टर फाइनल खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रामराज क्रिकेट एकेडमी 39.3 ओवर में 236 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जैद सलीम सर्वाधिक 100 रन बनाए। बोठियाल क्रिकेट एकेडमी की ओर से से आतिश उनियाल ने सर्वाधिक चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोठियाल क्रिकेट एकेडमी 39 ओवर में 215 रन पर ऑल आउट हो गई। रामराज क्रिकेट एकेडमी ने 21 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच बी-डिविजन का आयुष क्रिकेट ग्राउंड में सोशल बलूनी क्रिकेट एकेडमी और एशियन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोशल बलूनी एकेडमी ने निर्धारित 40 ओवर में 08 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। इसमें कार्तिकेय नौडियाल और अतफ ने 42-42 रन का योगदान दिया। एशियन क्लब की ओर से अभय ने 08 ओवर में 41 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एशियन क्रिकेट क्लब की टीम पांच विकेट से जीती। टीम के लिए शिवांश सिंगल ने 65, अभय टिपनिस ने 64, राहुल ध्यानी ने 21 रनों का योगदान दिया।

### धार्मिक नगरों में भोजन बचाने का संदेश

देहरादून। भोजन की बर्बादी रोकने को अभियान चलाने वाली देहरादून की टीम मै हूं सेवादार ने देश के प्रमुख धार्मिक नगरों में भोजन बचाने का संदेश दिया। 10 फरवरी को देहरादून से शुरू यात्रा काशी, अयोध्या, चित्रकूट, सारनाथ, मिर्जापुर में चली। 12 दिन की यात्रा में हस्ताक्षर अभियान, शपथ, पत्रक वितरण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान संयोजक संदीप गुप्ता, जसवंत रावत, सतपाल मित्तल, राजेंद्र सिंह, पीपी सिंह, नवीन आहूजा, भानुमति गुप्ता, ठाकुर शिव सिंह आदि मौजूद रहे।

### एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के बाहर एनएसयूआई कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुजल सचिन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में हो रहे भर्ती घोटालों एवं पेपर लीक मामले को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। सभी मामलों में सीबीआई जांच कराने की मांग की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रहे भर्ती घोटालों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। युवा मेहनत कर रहे हैं, लेकिन भर्ती घोटालों की वजह से उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा। अभियान में सौरभ कुमार अंशप्रित, मनदीप, पंकज कुमार, यश कुमार, दीप थुवाल, पवन, करन आदि रहे।

### भारत की चुनौतियों पर डाला प्रकाश

हल्द्वानी। राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में जी-20 के वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारत की अध्यक्षता के अवसर पर उसके सामने की चुनौतियां व अवसरों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. श्वेता बिश्नोई ने वसुधैव कुटुंबकम विषय पर छात्राओं को प्रेरणात्मक जानकारी दी गई। अध्यक्षता डॉ. देवकी गिरी ने की। प्राचार्य शशि पुरोहित, डॉ. बीना जोशी, डॉ. रश्मि पंत, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. हिमानी पंत, डॉ. जीवन सिंह आदि रहे।

### उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन ने नशे के खिलाफ किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। कुमाऊं में बढ़ रहे नशे के कारोबार को लेकर उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन ने आईटीआई चौराहे पर शासन-प्रशासन का पुतला फूंका। नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष देवेश सेन ने कहा कि उत्तराखंड में नशा एक गंभीर समस्या बन चुका है। पहाड़ों के अंतिम गांव तक स्मैक जैसा खतरनाक नशा पहुंच चुका है। लगभग हर घर का युवा नशे की चपेट में है। आरोप लगाया कि नशा शासन प्रशासन के सहयोग के बिना समाज में नहीं फैल सकता है। इस बात को हमें समझना होगा और अपनी आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के खिलाफ पुरजोर तरीके से मैदान में उतरना होगा। मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने कहा की अगर जल्द से जल्द नशा तस्करों पर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हर्ष तिवारी, दीपांशु पांडेय, अभिलाष जोशी, हरीश राठौर, नरेंद्र सिंह थायत, धीरेंद्र जोशी, दीपक भारतीय, हेमंत जोशी, हरीश सांगुडी, रजत बिष्ट, प्रतीक पनेरू, मंगल भंडारी, मनीष बिष्ट, कर्तव्य पाठक, शिवम सती, सुनील राणा, मिहिर तिवारी, गौरव कोरंगा, युवराज चौधरी, राजेश भंडारी उर्फ़ गब्बू, आदित्य जोशी, मोहित सिंह खंनी, रोहन बिष्ट, हरीश जोशी, कमल जोशी, सोनू कार्की, सोनू बिष्ट पठान मौजूद रहे।

### यूट्यूबर स्वाति नेगी को हाईकोर्ट से राहत

हल्द्वानी। हाईकोर्ट ने भगवा झंडे पर सवाल उठाने वाली यूट्यूबर स्वाति नेगी को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की जांच पर रोक लगा दी है। साथ ही पुलिस से जवाब मांगा है कि मामले में आईपीसी की धारा 153ए व 295ए किस आधार पर लगाई गई है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार कोटद्वार निवासी स्वाति नेगी की ओर से नैनीताल के डीएसए मैदान में एक ब्लॉग बनाया गया था। जिसमें यहां लहरा रहे भगवा झंडे पर सवाल खड़े किए थे। स्वाति का यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद हिन्दूवादी संगठनों ने इसे हिन्दुओं का अपमान बताते हुए कार्रवाई की मांग की। मल्लीताल कोतवाली में कई शिकायती पत्र दिए। जिस पर पुलिस ने स्वाति के खिलाफ मामला दर्ज कर गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

### सीबीआई जांच की मांग के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज के बाहर एनएसयूआई कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुजल सचिन के निर्तत्व में समस्त कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में हो रहे भर्ती घोटालों एवं पेपर लीक मामलों में सीबीआई जांच की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान सौरभ कुमार, अंशप्रित , मनदीप ,पंकज कुमार यश कुमार, दीप थुवाल, पवन, करन, आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को बांटे सेब व अखरोट के पौधे

हल्द्वानी। विधायक कैड़ा ने मंगलवार को ग्रामीणों को सेब व अखरोट के पौधे वितरित किए। उद्यान विभाग के साथ रामगढ़ ब्लॉक के सदबुंगा, लेटीबुंगा, परबढ़ा, चौखुटा, गजार, बना, सुनकिया, सुपी, लोद आदि के ग्रामीणों को कैंप लगाकर सेब, अखरोट की पौध व आलू बीज वितरित किया। विधायक कैड़ा ने बताया उद्यान विभाग ने उच्च प्रजाति के पौधे मंगवाए हैं। जो अभी 2 से 3 वर्ष के हैं। जो अगले साल किसानों को फल देने लगेंगे। इस दौरान जिपं सदस्य कमलेश बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, नंदन कोरंगा, गणेश गौड़, उद्यान अधिकारी मोहन लाल, धन सिंह, किशन मेहता, गणेश मेहता, विवेक डंगवाल व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने की वसन्तोत्सव की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों संग बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मंगलवार को राजभवन सचिवालय में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले वसन्तोत्सव-2023 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि वसन्तोत्सव में भारी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत आगन्तुकों के बैग प्रतिबन्धित रहेंगे। इस दौरान पॉलिथीन भी प्रतिबन्धित रहेगी। सचिव ने वसन्तोत्सव के दौरान लगने वाले स्टॉलों आदि की व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों हेतु समुचित व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिये। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान ट्रैफिक व पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।

सचिव श्री राज्यपाल ने पुष्प प्रदर्शनी के दौरान राजभवन परिसर में साफ-सफाई और पर्याप्त मात्रा में कूड़े-दान की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वसन्तोत्सव में आने वाले आगन्तुकों हेतु पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सहित मोबाईल टॉयलेट आदि की व्यवस्था समय से पूर्ण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।



राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट

वसन्तोत्सव के दौरान आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संस्कृति विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। सचिव ने कहा कि यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इसके लिए हमें अधिक से अधिक मिलेट्स फसलों को प्रचारित करने पर विशेष फोकस करना होगा।

गौरतलब है कि वसन्तोत्सव-2023 दिनांक 03 मार्च से 05 मार्च तक आयोजित हो रहा है। 03 मार्च को वसन्तोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल लफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा। 03 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 04 व 05 मार्च को प्रातः 09 बजे से सायं 6:00 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। 3 दिवसीय आयोजन में 16 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 62 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रकार कुल 186 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरान्त दिनांक 05 मार्च, 2023 को विजेताओं को प्रदान किये जाएंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में पहली बार 04 नई श्रेणियां यथा-रूफटॉप गार्डनिंग, बोन्साई, टेरारियम एवं शहद सम्मिलित की गयी हैं। साथ ही अधिक से अधिक पुष्प उत्पादकों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कट फ्लावर प्रतियोगिता के अन्तर्गत मात्र व्यक्तिगत एवं कृषकों की ही प्रतिभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस वर्ष तिमरू को विशेष डाक आवरण जारी किये जाने हेतु चयनित किया गया है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 30 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय/बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होंगे। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चतुर्थ वर्गीय कर्मियों ने सीएम से ग्रेड पे 4200 का लाभ मांगा

नई टिहरी। उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी महासंघ की जनपदीय शाखा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विभिन्न समस्याओं के समाधान के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है। सीएम से मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है। महासंघ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी ने बताया कि मांगों में कतिपय विभाग शासनादेशानुसार वर्दी व देयक नहीं दे रहे हैं। स्टापिंग पैटर्न का लाभ देते हुए अधिकतम ग्रेड वेतन 4200 का लाभ दिया जाय। पुरानी पेंशन बहाल की जाय। चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की भर्ती के साथ पूर्व से प्रदत्त अवकाश, नगदीकरण सुविधा को बहाल किया जाए। मांगों में नगदीकरण की छुट्टियों को 300 से बढ़ाकर 500 किया जाय। बताया कि चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की पदोन्नति कोट के अनुसार पदोन्नति के कोटे को सभी विभागों में पूर्ण रूप से लागू किया जाय। निर्धारित 25 प्रतिशत पदोन्नति आरक्षित कोटा को अन्य कोटे व मृतक आश्रित से न भरा जाय। वर्दी बाजार भाव से दिये जाने के साथ ही सिलाई व धुलाई के बजट में बढ़ोत्तरी की जाय। अन्य वर्ग की भांति एक माह का वेतन दिया जाय। बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को राजकीयकरण से पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद में की गई सेवाओं को जोड़ते हुए समस्त लाभ दिए जायें।

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पर हुई चर्चा

पौड़ी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर डीएम डॉ.आशीष चौहान ने अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। बैठक में पार्किंग को सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष, नागरिक कल्याण मंच व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे। डीएम ने पौड़ी शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए, राजस्व, पुलिस व परिवहन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई, जो शहर में वाहनों की संख्या व पार्किंग की उपलब्धता की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर देगी। मंगलवार को आयोजित बैठक में डीएम डॉ.आशीष चौहान ने कहा कि शहर में पार्किंग की समस्या जटील है इसको मिल जुलकर सुलझाया जाएगा। कहा कि मुख्यालय हेतु पॉकेट पार्किंग विकसित करने के लिए 15 करोड़ के प्रस्ताव शासन को भेजे गये हैं। बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, एसडीएम सदर आकाश जोशी, आरटीओ अनिता चंद, नगर पालिका ईओ गौरव भसीन, नागरिक मंच के अध्यक्ष रघुवीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष हेमन्त नेगी, व्यापार सभा के कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, गब्बर सिंह, विक्रम सिंह राणा आदि शामिल थे।

## आपदा से निपटने में डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन करेगा मदद

पौड़ी। डीएम ने डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 24 घंटे आपदा की हर परिस्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को तैयार किया है। मंगलवार को डीएम डा.आशीष चौहान ने डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि जिले में सडक़ दुर्घटना, आपदा व अन्य तरह की घटना होने पर डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को रवाना किया जाएगा।

बताया कि घटना होने पर लोग आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूप से संपर्क कर सकते हैं। जिससे समय पर वाहन घटना स्थल पर पहुंच सकेगा। आपदा से निपटने के लिए वाहन में आपदा उपकरणों के साथ ही दवाई भी रखी गई हैं। जिससे आवश्यकता पडने पर तत्काल रेस्क्यू व दवाईयां घायल व्यक्तियों को दी जा सकेगी। आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश चंद्र काला ने बताया कि डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन में आवश्यक उपकरण रखे गये हैं। कहा कि जिले के अंतर्गत किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल रेस्क्यू टीम को रवाना किया जाएगा।

# केरल में आयोजित वेगा 2023 की प्रदर्शनी में पहुंचे कृषि मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

केरल, 1 मार्च , केरल दौरे के दूसरे दिन कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केरल के तिरुवनन्तपुरम में कृषि विभाग, केरल द्वारा आयोजित वेगा 2023 के प्रदर्शनी हाल का निरीक्षण किया। जहां पर देश के विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक लगाए गए थे। जिसमे उत्तराखंड से भी कृषि विभाग के अधीन उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद द्वारा भी स्टाल लगाया गया था। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केरल सरकार में पशुपालन और डेयरी मंत्री जे चिनचुरानी से भी भेंट की और उन्हें सगन्ध द्वारा निर्मित उत्पादों का स्मृति चिन्ह भेंट किया और उन्हें उत्तराखंड आने का आमंत्रित भी किया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न राज्यों के स्टॉलों के निरीक्षण के बाद कहा कि यहाँ पर आकर उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम सभी राज्यों के विभिन्न उत्पादों को देखने का मौक़ा मिला और समझने का अवसर मिला। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुझे यहां आने का मौका मिला है क्योंकि आज ब्रांडिंग पैकेजिंग और मार्केटिंग का जमाना है। उन्होंने कहा आज हमारे किसान भाई अच्छी पैकेजिंग कर अपने उत्पाद को बाजार में ला रहे हैं आज किसानों को उनके उत्पाद का सही दाम मिल रहा है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा आज हम ऑर्गेनिक की ओर बढ़ रहे हैं इसलिए हमें ऑर्गेनिक की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने आयोजकों को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी और कहा उत्तराखंड के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार एक संकल्प के साथ कार्य कर रही है जब हमारा राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम ऑर्गेनिक और मिलेट्स में अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे। इस दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के एमडी विनय कुमार भी उपस्थित रहे

